	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	आषाढ़ 04, बुधवार, *शाके* 1947- जून 25, 2025 *Asadha 04, Wednesday, Saka 1947- June 25, 2025*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो ,परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी ,विज्ञप्तियां आदि।

जयपुर, विकास प्राधिकरण, जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, मई 27, 2025

संख्या जविप्रा/उपा/जोन-5/2025/15566896 :-जयपुर विकास प्रधिकरण अधिनियम **1982** की धारा **25** की उपधारा (**3**) के अनुसरण में जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित श्री छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना शान्ति नगर के आवासीय पुनर्गठित भूखण्ड संख्या- **1** व **2** क्षेत्रफल **914.82** वर्गगज भूमि**,** जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-**2025** व जोनल विकास योजना-**04** के अनुसार व्यावसायिक दर्शाया गया है**,** का आवासीय से व्यावसायिक भू-उपयोग परिवर्तन प्रस्तावित किये जाने बाबत् अधिसूचना दिनांक **13.09.2023** द्वारा आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे। जिसमें **15** दिवस की निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुए। प्रकरण में भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने की सर्शत स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपान्तरण

जयपुर विकास प्रधिकरण अधिनियम **1982** की धारा **25** की उपधारा (**1**) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जविप्रा में स्थित श्री छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना शान्ति नगर के पुनर्गठित भूखण्ड संख्या-**1** व **2** क्षेत्रफल **914.82** वर्गगज भूमि जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-**2025** व जोनल विकास योजना-**04** के अनुसार व्यावसायिक दर्शाया गया है**,** का भू-उपयोग उपान्तरण मास्टर प्लान-**2025** के अनुसार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ किया जाता है।

यह अधिसूचना आज दिनांक **27.05.2025** को जारी की गई है।

निशान्त जैन,

सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।